हरि इच्छा भावी बलवाना ह्रदय बिचारत शम्भु सुजाना
तब शंकर प्रभु पद सिरू नावा सुमिरत रामु ह्रदय अस आवा
एहि तन सतिहि भेट मोहि नाहीं शिव संकल्पु कीन्ह मन माही
|| मानस शिव संकल्प || Ram Katha 976 - Gujrat || *मोरारी बापू

सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 274 | इंदौर, मंगलवार 21 अप्रैल, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## बंगाल में 8 हजार पोलिंग बूथ को चुनाव आयोग ने माना सुपर सेंसेटिव, 135 दबंग पकड़े

**कोलकाता, (एजेंसी) पश्चिम बंगाल में दो चरणों में मतदान होना है। 23 अप्रैल को पहले राउंड की वोटिंग होने जा रही है और 29 को दूसरे चरण में मतदान होगा। उससे पहले कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए चुनाव आयोग पूरी तरह सख्त है। इस बीच बंगाल के कुल 8000 पोलिंग बूथ को आयोग ने सुपर सेंसेटिव घोषित किया है। ये उन इलाकों के ही बूथ हैं, जहां पहले चरण में ही मतदान होना है। इसका अर्थ है कि यहां हिंसा, बूथ कैप्चरिंग जैसी घटनाओं को अंजाम दिया जा सकता है। चुनाव आयोग ने इस बीच 135 ऐसे लोगों को पकड़ा है, जो दबंग प्रवृत्ति के माने जाते हैं और उनका अराजकता फैलाने का इतिहास रहा है। चुनाव संपन्न होने तक इन लोगों को हिरासत में रखा जाएगा।**

पुलिस ने जिन 135 लोगों को उठाया है, उनमें से ज्यादातर मुर्शिदाबाद, मालदा, बलूरघाट, उत्तर और दक्षिण 24 परगना के रहने वाले हैं। दरअसल पहले के चुनावों में भी ऐसे करीब 200 स्थान हैं, जहां पहले हिंसा होती रही है। ऐसे में चुनाव ने इन इलाकों से जुड़े पोलिंग बूथ को सुपर सेंसेटिव की कैटिगरी में डाला है। फिलहाल चुनाव आयोग के निर्देश पर इन सभी इलाकों में डीएम और एसपी भी दौरे कर रहे हैं ताकि किसी भी तरह की अप्रिय घटना की आशंका को टाला जा सके। इसके अलावा जनता के बीच साफ-सुथरे चुनाव होने और डर से परे रहने का भरोसा जगाया जा सके।

प्रशासन का कहना है कि कई दबंगों ने तो एक नोटिस मिलते ही खुद सरेंडर कर दिया। कुछ लोगों को पकड़ना पड़ा है। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने एक बार फिर से कहा है कि हम बंगाल में भयमुक्त और अपराध मुक्त चुनाव कराएंगे। उनका कहना है कि इसके लिए हरसंभव तैयारी हमने की है। इस चुनाव में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का भी चुनाव आयोग खूब सहारा ले रहा है।

### चुनाव में सुरक्षा के लिए AI का इस्तेमाल, गड़बड़ी पर करेगा अलर्ट

बूथ के अंदर या फिर बाहर किसी तरह की गड़बड़ी होने पर यह सिस्टम तुरंत अलर्ट करेगा। इसके अलावा एक एआई से लैस कंट्रोल कमांड सेंटर भी बनाया जा रहा है। इसके अलावा जिला निर्वाचन अधिकारी और राज्य निर्वाचन अधिकारी के दफ्तरों में भी कंट्रोल सेंटर होंगे। यहां से संबंधित जिलों की निगरानी की जाएगी। कुल मिलाकर निगरानी के लिए थ्री-टियर सिस्टम स्थापित किया जाएगा। बता दें कि चुनाव आयोग ने प्रदेश की कुल 55 विधानसभाओं को भी खर्च के लिहाज से संवेदनशील माना है। इन सीटों में ममता बनर्जी की भबानीपुर विधानसभा भी शामिल है। यहां से उन्हें भाजपा के सीनियर नेता शुभेंदु अधिकारी चुनौती दे रहे हैं।

‘प्रियंका गांधी की बड़ी-बड़ी बातें कहां गईं’

# कांग्रेस पर खूब बरसे सीएम डॉ. मोहन यादव, कहा- अपमान नहीं सहेंगी बहनें

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। महिला आरक्षण बिल पास नहीं होने पर बीजेपी अब आक्रामक हो गई है। भोपाल में सीएम मोहन यादव के नेतृत्व में महिलाओं ने जन आक्रोश महिला पद यात्रा निकाली हैं। इस दौरान सीएम मोहन यादव ने कांग्रेस पर तीखा प्रहार किया है। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण बिल न पास होने पर कांग्रेस ने उसका मजाक उड़ाया। कांग्रेस नेत्री प्रियंका गांधी को शर्म आनी चाहिए।**

मोहन यादव ने कहा कि प्रियंका गांधी बड़ी-बड़ी बातें करती थीं, कहती थीं मैं लड़की हूं, लड़ सकती हूं। अब उनकी ये बड़ी-बड़ी बातें कहां गईं, जब बहनों के अधिकार का उन्होंने गला घोंट दिया। कांग्रेस ने आजादी के समय शुरू की अपनी परंपरा को निभाया। प्रियंका-राहुल के पिता ने भी तीन तलाक के कानून को लेकर बहनों के अधिकार पर डाका डाला था। उन्होंने



कहा कि इस आक्रोश को देश के सामने लाना है। इसके साथ ही सीएम मोहन यादव ने कहा कि ये जो आपके अंदर की आग है, अपने हक की आग है, इसे बुझने नहीं देना है। कांग्रेस और उसके साथी विपक्षी दलों ने बहनों के हक पर डाका डाला है। वे अपने मंसूबों में कभी कामयाब नहीं हो सकते। भारत में बहनों के हक के लिए भाइयों ने सदैव लड़ाइयां लड़ीं। राजा राम मोहन राय ने सती प्रथा के खिलाफ लड़ाई शुरू की। ज्योतिबा फुले ने नारी समानता के लिए लड़ाई लड़ी। डॉ. भीमराव अंबेडकर ने बहनों को अधिकार दिलाने के लिए लड़ाई शुरू की। महात्मा गांधी से लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं के हक में आवाज उठाई। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि नारी सब भूल जाती है, कभी अपना अपमान नहीं भूलती। यह हमको याद रखना है। उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी ने चाहा था कि सब दल मिलकर इसका समर्थन करें, लेकिन ऐसा हुआ नहीं। देश की आधी आबादी की इच्छा का गला घोंटने वालों आपको कब्र से निकालकर सजा दी जाएगी। आपने बहनों के साथ अन्याय किया है। आपको ये बहनें माफ नहीं करेंगी। सीएम मोहन यादव ने कहा कि आज मन में इस बात का आक्रोश है कि हमारे बहनों के लिए जो अवसर मिला था, उसे विपक्ष ने कुचल दिया। हमारी परंपरा तो मातृ सत्ता की रही है। जब तक हम सीता नहीं बोलते, तब तक भगवान राम भी आशीर्वाद नहीं देते। जब तक राधा को याद नहीं करो, तब तक कन्हैया भी मुस्कुराते नहीं हैं।

# आसमान से कट रहा ट्रैफिक का चालान

## पुलिस ने ड्रोन सर्विलांस से 1600 लोगों को पकड़ा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शहर की यातायात व्यवस्था को अधिक सुगम सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन द्वारा आधुनिक तकनीकों का उपयोग निरंतर बढ़ाया जा रहा है। इसी क्रम में ड्रोन सर्विलांस के माध्यम से शहर के प्रमुख चौराहों एवं मुख्य मार्गों पर भारी यातायात के समय प्रभावी निगरानी की जा रही है। यह पहल पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह के दिशा निर्देशन और वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में क्रियान्वित की जा रही है।**

पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह ने बताया कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध ड्रोन से प्राप्त



इनपुट के आधार पर मौके पर तैनात पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई की जा रही है। इसमें प्रमुख रूप से नो पार्किंग, संकेत उल्लंघन और गलत दिशा में वाहन चलाने वाले चालकों पर शिकंजा कसा गया है। ड्रोन सर्विलांस के दायरे को और अधिक विस्तारित करने के लिए यातायात के चारों जोनों में अलग-अलग टीमें कार्य कर रही हैं जो विशेष रूप से व्यस्त घंटों के दौरान सक्रिय रहती हैं। पुलिस की निगरानी में व्यस्त समय के दौरान ड्रोन के माध्यम से रिंग रोड, एबी रोड और एम जी रोड में यातायात व्यवस्था पर सख्त नजर रखी जा रही है। ड्रोन में लगे पीए सिस्टम द्वारा सार्वजनिक घोषणाएं भी की गई हैं, जिससे आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जा सके। इस तकनीक की सहायता से सड़कों पर अनुशासन बनाए रखने का प्रयास किया जा रहा है। ड्रोन सर्विलांस टीम द्वारा जहां कहीं भी यातायात बाधित पाया जाता है वहां पर से तत्काल वायरलेस के माध्यम से कंट्रोल रूम को सूचना भेजी जा रही है। कंट्रोल रूम द्वारा नजदीकी ट्रैफिक पॉइंट को सूचित कर त्वरित रूप से यातायात व्यवस्था को सुचारू कराया जा रहा है। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि आगामी समय में भी प्रशासन द्वारा शहर के प्रमुख मार्गों एवं चौराहों को चिन्हित कर ड्रोन सर्विलांस के माध्यम से इस प्रकार की कार्रवाई निरंतर जारी रखी जाएगी। ड्रोन सर्विलांस के माध्यम से शहर के प्रमुख चौराहों एवं मुख्य मार्गों पर पिक आवर्स के दौरान प्रभावी निगरानी की जा रही है। पिछले 13 दिनों में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 1600 वाहन चालकों के विरुद्ध ड्रोन से प्राप्त इनपुट के आधार पर मौके पर तैनात यातायात पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई की गई, जिसमें नो पार्किंग, संकेत उल्लंघन, रांग साइड आदि पर कार्यवाही की गई। ड्रोन सर्विलांस के दायरे को और अधिक विस्तारित करने के लिए यातायात के चारों जोनों में अलग-अलग ड्रोन टीमों द्वारा लगातार पिक ऑवर्स में कार्य किया जा रहा है।

**जिला प्रशासन की बड़ी कार्रवाई**

# इंदौर में 30 करोड़ की शासकीय भूमि अतिक्रमण मुक्त, 12 मकान हटाए गए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर जिले में शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने का अभियान लगातार जारी है। इस क्रम में आज जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बेशकीमती शासकीय जमीन को अतिक्रमण से मुक्त कराया। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देशन में प्रशासनिक अमले द्वारा ग्राम खजराना क्षेत्र में कार्रवाई की गई।**

एसडीएम जूनी इंदौर श्री घनश्याम धनगर ने बताया कि शासकीय सीलिंग की भूमि, खसरा क्रमांक 442/1, क्षेत्रफल लगभग 30,000 वर्गफीट पर किए गए अतिक्रमण को हटाया



गया। इस दौरान यहां निर्मित कुल 12 मकानों को हटाने की कार्रवाई की गई। बताया गया कि मुक्त कराई गई भूमि का बाजार मूल्य लगभग 30 करोड़ रुपए है।

कार्रवाई के दौरान एसीपी खजराना श्री कुंदन मंडलोई, तहसीलदार श्री राकेश सस्तिया सहित श्री कमलेश कुशवाह, श्री अशोक परमार, थाना प्रभारी श्री मनोज सेंधव, रिमूवल अधिकारी श्री बबलू कल्याणे तथा राजस्व, पुलिस और नगर निगम का अमला मौके पर उपस्थित रहा। शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने का यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

## आरटीओ द्वारा स्टेज कैरिज परमिट पर संचालित 15 वर्ष से अधिक पुरानी बसों पर कार्यवाही

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय इंदौर द्वारा स्टेज कैरिज परमिट पर संचालित पुरानी यात्री बसों के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है। बताया गया कि वर्ष 2025 में स्टेज कैरिज परमिट पर संचालित वर्ष 2010 एवं उससे पूर्व के मॉडल की यात्री बसों के संबंध में वाहन स्वामियों को नोटिस जारी किए गए थे। इनमें से 136 वाहन स्वामियों द्वारा निर्धारित समयावधि में वाहनों का प्रतिस्थापन नहीं किए जाने के कारण क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार इंदौर संभाग द्वारा उनके स्थायी परमिट निरस्त कर दिए गए तथा संबंधित वाहन स्वामियों को सूचित किया गया।

क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ने बताया कि उच्च न्यायालय द्वारा वाहन की आयु की गणना पंजीयन दिनांक से किए जाने के संबंध में निर्देश प्रदान किए गए हैं। इसी क्रम में विगत 02 जनवरी 2026 को वर्ष 2011 मॉडल की 136 बसों के स्वामियों को उनके स्थायी परमिट पर नवीन (अद्यतन) मॉडल के वाहनों का प्रतिस्थापन कराने हेतु नोटिस जारी किए गए। इनमें से 64 वाहन स्वामियों द्वारा अपने वाहनों का प्रतिस्थापन कर लिया गया है। शेष 72 वाहनों के संबंध में सूची तैयार कर संभाग के समस्त पुलिस अधीक्षकों, जिला परिवहन अधिकारियों (डीटीओ) एवं परिवहन सुरक्षा स्क्वॉड को प्रेषित की गई है, ताकि उक्त वाहन संचालित पाए जाने पर उन्हें जप्त किया जा सके। इन 72 बसों के परमिट निरस्तीकरण की प्रक्रिया वर्तमान में प्रचलन में है।

## गाली बकने से रोकने पर कर दी थी बेटे के सामने पिता की हत्या

### ● शव रखकर चक्काजाम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** खातीपुरा क्षेत्र में एक आठ साल के बेटे के सामने पिता की हत्या करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पांच आरोपी अभी भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं। बदमाशों ने सिर्फ इसलिए सुरेंद्र साहू की हत्या कर दी, क्योंकि वे गालियां बकते हुए जा रहे थे और युवक ने गाली बकने से उन्हें रोका था। इसके बाद आरोपियों ने चाकू मारकर इतनी सी बात पर हत्या कर दी।

सोमवार को सुरेंद्र साहू की जब घर से शवयात्रा निकली तो



बस्तीवालों ने शव को सड़क पर रखकर चक्काजाम कर दिया और आरोपियों की गिरफ्तार करने की मांग की। लोगों का कहना था कि बस्ती में अवैध नशा बड़े पैमाने पर बिकता है। नाबालिग बच्चे भी उसका शिकार हो रहे हैं। सुरेंद्र की हत्या भी आरोपियों ने नशे में ही की है। मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों ने कहा कि दो आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। शेष आरोपी भी जल्दी ही गिरफ्तार हो जाएंगे। रहवासियों ने पुलिस अफसरों से कहा कि पुलिस सड़कों पर वाहन रोककर चेकिंग करती है, लेकिन बस्तियों में आकर नशा करने वालों को पकड़ना चाहिए। आए दिन नशेड़ी बस्ती में उत्पात मचाते रहते हैं। आपको बता दें कि रविवार शाम को किराना व्यापारी सुरेंद्र साहू अपने बेटे के साथ अपने साढू की शादी की सालगिरह में गया था। बेटा बाइक पर बैठा था। तभी आरोपियों का सुरेंद्र से विवाद हो गया। आरोपी चाकू लेकर सुरेंद्र के पीछे भागे। सुरेंद्र जान बचाकर भागने लगा तो आरोपियों ने दौड़ा-दौड़ा कर उस पर चाकुओं से वार किए। लोग सुरेंद्र को अस्पताल ले गए, लेकिन ज्यादा खून बहने के कारण सुरेंद्र की मौत हो चुकी थी।

## इंदौर में एनएचआरसी विशेष प्रतिवेदक की बैठक सम्पन्न, मानवाधिकार मुद्दों की समीक्षा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) के विशेष प्रतिवेदक श्री सुभाष चन्द्रा के इंदौर दौरे के दौरान आज जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में मानवाधिकारों के संरक्षण एवं संवर्धन से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में डिप्टी कलेक्टर श्रीमती सीमा कनेश सहित वरिष्ठ अधिकारियों और संबंधित विभागों महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यक्रम अधिकारी श्री रजनीश सिन्हा, सामाजिक न्याय विभाग के संयुक्त संचालक श्री पवन सिंह चौहान तथा श्री शैलेन्द्र सौलंकी, आदिम जाति कल्याण विभाग के सहायक आयुक्त श्री नरेन्द्र भिड़े, नगर निगम आदि के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।



बैठक के दौरान विशेष प्रतिवेदक श्री सुभाष चन्द्रा ने विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में सामुदायिक वन अधिकार, जनजातीय वर्ग के कल्याण और विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की भी समीक्षा की गई। प्रशासन ने आश्वस्त किया कि मानवाधिकारों से जुड़े सभी मुद्दों पर गंभीरता से कार्य करते हुए आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाए जाएंगे।

बताया गया कि दौरे के दौरान विशेष प्रतिवेदक द्वारा जेलों एवं जुवेनाइल होम सहित आंगनवाड़ी केंद्रों, महिला आश्रय गृहों, अनाथालयों तथा दिव्यांगजन, वृद्धजन, ट्रांसजेंडर और मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित संस्थाओं का निरीक्षण भी किया जाएगा।

# बबीता मरकाम ने प्रताप करोसिया की सारी सुविधाएं समाप्त कीं

## ● हाईकोर्ट ने आदेश पर लगाई रोक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। मध्य प्रदेश राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष प्रताप करोसिया के कार्यकाल को लेकर राज्य सफाई कर्मचारी आयोग की सचिव बबीता मरकाम ने नया विवाद छेड़ दिया है।**

दरअसल, मरकाम ने एक आदेश जारी करते हुए कहा है कि करोसिया की नियुक्ति तीन वर्ष के लिए थी और 14 अप्रैल को उनकी यह अवधि समाप्त हो चुकी है, लिहाजा उन्हें दी गई सभी सरकारी सुविधाएं और प्रोटोकॉल तत्काल प्रभाव से समाप्त माने जाएं। इस आदेश के बाद करोसिया ने हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी जिसमें उन्हें कोर्ट ने स्टे दे दिया है। प्रताप करोसिया को कैबिनेट मंत्री का दर्जा प्राप्त हैं। मध्य प्रदेश राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष प्रताप करोसिया ने कहा है कि उनकी नियुक्ति राज्य शासन के मंत्रालय स्तर से हुई थी, जबकि उनकी सेवा समाप्ति का आदेश एक विभागीय अधिकारी द्वारा जारी किया गया है, जिन्हें इसका संवैधानिक अधिकार ही नहीं है।

करोसिया का तर्क है कि विभाग ने वर्ष 2008 के जिस नियम का हवाला देकर पत्र जारी किया, उसे शासन 2017 में ही खारिज कर चुका है। जिस अधिकारी ने यह आदेश जारी किया है, वह बाबू स्तर की अधिकारी है। उसने यह आदेश जारी करके शासन की छवि धूमिल करने की कोशिश की है। मैंने सीएम को पत्र लिखकर संबंधित अधिकारी के निलंबन के लिए कहा है। वहीं इस पूरे मामले को लेकर विभागीय सूत्रों का कहना है कि जो आदेश प्रताप करोसिया को लेकर बबीता मरकाम ने जारी किया है उन्हें यह आदेश जारी करने का कोई अधिकार ही नहीं है, क्योंकि बबीता मरकाम नगरीय प्रशासन एंव विकास विभाग के तहत आने वाले मप्र राज्य सफाई कर्मचारी आयोग की सचिव है, जिसके अध्यक्ष प्रताप करोसिया हैं। यह आदेश राज्य शासन से जारी होने थे।

# अनिका के बढ़ते वजन ने बढ़ाई माता-पिता की टेंशन



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। गंभीर बीमारी से पीड़ित मासूम अनिका का वजन बढ़ रहा है। अनिका के बढ़ते वजन ने माता-पिता की टेंशन भी बढ़ा दी है, क्योंकि वह जिस गंभीर बीमारी से पीड़ित है, उसके लिए उसे एक इंजेक्शन लगना है, जिसकी कीमत 9 करोड़ रुपए है। परिवार ने जगह-जगह घूमकर, कैंप लगाकर लोगों की मदद से 6 करोड़ 60 लाख रुपए जमा कर लिए हैं। अब उन्हें 2 करोड़ 40 लाख रुपए की जरूरत है।**

इन पैसों को जमा करने के लिए वे लगातार संघर्ष कर रहे हैं। जनता से मदद के लिए वे पिछले दिनों मुंबई भी गए, जहां वे कई सेलिब्रिटियों से मिले और उनसे बेटी की मदद के वीडियो भी बनवाए, ताकि जल्द पैसा इकट्ठा हो सके और वे अपनी बेटी का इलाज करा सके। अनिका शर्मा sma type-2 नामक बीमारी से पीड़ित है। इसके इलाज के लिए उसे इंजेक्शन लगना है, जिसकी कीमत 9 करोड़ रुपए है, जो अमेरिका से आएगा। ये इंजेक्शन 2 साल के पहले या 13.5 किलो वजन के पहले लगना है।

अनिका की मां सरिता शर्मा ने बताया कि पिछले दिनों भोपाल एम्स में अनिका का चेकअप करवाया था। जब उसका वजन किया तो वह बढ़ा हुआ था। अब अनिका का वजन 10 किलो 930 ग्राम हो गया है। ऐसे में अगर अनिका का वजन बढ़ता चला गया और पैसा इकट्ठा नहीं हो पाया तो ये मौका भी परिवार के हाथ से निकल जाएगा। इसलिए माता-पिता उसका ध्यान रख रहे हैं, लेकिन अभी अनिका की तबीयत ठीक नहीं है, ऐसे में माता-पिता की चिंता ओर बढ़ गई है।

# शादियों में फिर बढ़ी एलपीजी की मांग

## लोग कार्ड दिखाकर मांग रहे सिलिंडर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर में पहले की तुलना में एलपीजी सिलिंडरों की समस्या कुछ हद तक कम हुई है, लेकिन जिन लोगों को एक से अधिक सिलिंडर की जरूरत है, उन्हें अभी भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अक्षय तृतीया के बाद शादी और अन्य समारोहों के चलते शहर में गैस सिलिंडरों की मांग फिर से बढ़ गई है। 25 और 26 अप्रैल को मुहूर्त होने के कारण सैकड़ों शादियां तय हैं। कई हलवाइयों ने गैस सिलिंडर की व्यवस्था की जिम्मेदारी वर और वधु पक्ष पर डाल दी है।**




कलेक्टर कार्यालय के खाद्य विभाग में भी सिलिंडरों की मांग को लेकर 100 से अधिक आवेदन आए हैं, लेकिन अधिकारी लोगों को गैस एजेंसियों से संपर्क करने की सलाह दे रहे हैं। दूसरी ओर, गैस डिस्ट्रीब्यूटर के दफ्तरों में लोग शादी के कार्ड दिखाकर सिलिंडर की मांग कर रहे हैं।

गोरी नगर निवासी पप्पू ने बताया कि उनके परिवार में 25 अप्रैल को शादी है और रसोई के लिए 10 से अधिक सिलिंडरों की जरूरत है, लेकिन केवल 5 सिलिंडरों की ही व्यवस्था हो पाई है। उन्होंने आरोप लगाया कि खाद्य विभाग के अधिकारी भी मदद के लिए तैयार नहीं हैं, जिससे उन्हें अब ब्लैक में सिलिंडर खरीदने की नौबत आ सकती है। कई केटरर्स खुद सिलिंडर उपलब्ध कराने को तैयार हैं, लेकिन वे प्रति सिलिंडर 2000 से 2500 रुपये तक अतिरिक्त शुल्क ले रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में होने वाली शादियों में अभी भी भट्टी पर खाना बनाया जा रहा है, जबकि शहरों में अधिकांश लोग गैस सिलिंडरों पर निर्भर हैं। स्टॉल पर रखे खाने को गर्म रखने के लिए कई केटरर्स इंडक्शन का उपयोग कर रहे हैं।

# टिफिन सेंटर संचालिका के जेवर चोरी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** विजयनगर में टिफिन सेंटर संचालित करने वाली महिला के घर से सूटकेस, नकदी और सोने-चांदी के जेवर चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने घर पर आने-जाने वाले एक युवक पर चोरी का शक जताया है। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार 45 वर्षीय मंजूलता जैन निवासी शीतल नगर विजयनगर ने अरिहंत जैन निवासी बालाघाट के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। मंजूलता ने बताया कि उसके परिवार में गमी हो गई थी तब घर पर बेटी को छोड़कर पति के साथ बाहर गई थी। बाहर से आई तो गोदरेज अलमारी के ऊपर रखा सूटकेस गायब हो गया। शक होने पर जब उन्होंने अलमारी का लॉकर चेक किया तो उसमें रखे जेवर भी नहीं मिले। घर से सफेद मोती और सोने के पांच पेंडल वाला रानी हार, पंचाली मंगलसूत्र, काले मोती व सोने की पत्तियों वाला, चांदी की चटाई वाली पायल करीब 1 लाख रुपए नकदी अन्य सामान नहीं था। बेटी से पूछताछ की तो उसने बताया कि अरिहंत के अलावा और कोई घर पर नहीं आता था। उसने मामले में अरिहंत पर शंका जताई है। पीड़िता के मुताबिक घटना के बाद से उसने घर पर आना-जाना भी बंद कर दिया था। पुलिस आरोपी को लेकर तलाश कर रही है।

## रीना बोरासी बोलीं-कांग्रेस शुरू से महिला सशक्तिकरण की पक्षधर

# सरकार 2029 से लागू करे 33% आरक्षण

**इंदौर। मोदी सरकार ने महिला आरक्षण की आड़ में परिसीमन के माध्यम से सत्ता पर एकाधिकार जमाने की जो साजिश रची थी। इंडिया गठबंधन (विपक्ष) की एकजुटता ने उसे विफल कर दिया है। संसद में महिला आरक्षण से जुड़े संशोधन विधेयक पर हुए मतदान ने स्पष्ट कर दिया है कि देश अब विभाजनकारी राजनीति को स्वीकार नहीं करेगा।**



यह बात मध्यप्रदेश महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष रीना बोरासी सेतिया ने सोमवार को इंदौर में मीडिया से चर्चा में कही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए संसद में मिली जीत का स्वागत करती है और कांग्रेस 2029 से ही 33% आरक्षण लागू करने की मांग करती है।

रीना बोरासी ने कहा कि महिला आरक्षण के नाम पर देश की महिलाओं के साथ एक सुनियोजित राजनीतिक छल करने का प्रयास किया गया है, जिसे विपक्ष की एकजुटता ने संसद में विफल कर दिया। कांग्रेस शुरू से ही महिला सशक्तिकरण की पक्षधर रही है और राहुल गांधी के स्पष्ट नेतृत्व में यह मांग लगातार उठाई जाती रही है कि महिलाओं को उनका अधिकार बिना किसी शर्त और देरी के मिलना चाहिए। केंद्र सरकार ने महिला आरक्षण को परिसीमन और जनगणना जैसी प्रक्रियाओं से जोड़कर इसे लागू करने में अनावश्यक बाधाएं खड़ी की हैं। यह पूरा प्रयास महिलाओं को अधिकार देने के बजाय चुनावी गणित को साधने और सत्ता पर पकड़ मजबूत करने की रणनीति का हिस्सा था। उन्होंने कहा कि बिना जातिगत जनगणना के परिसीमन कराना सामाजिक न्याय के सिद्धांतों के खिलाफ है और इससे विशेष रूप से पिछड़े वर्ग की महिलाओं के अधिकार प्रभावित होंगे। यदि सरकार की नीयत साफ है तो वर्तमान 543 लोकसभा सीटों के भीतर ही 33% महिला आरक्षण तुरंत लागू किया जा सकता है। इसके लिए किसी भी प्रकार के परिसीमन या जनगणना का इंतजार करना केवल एक बहाना है।

# रेडीमेड कॉम्प्लेक्स के पास सड़क हादसा, महिला की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। रेडीमेड कॉम्प्लेक्स क्षेत्र में रविवार रात एक दंपति सड़क हादसे का शिकार हो गया। हादसे में महिला की मौत हो गई, जबकि पति घायल हो गया। अज्ञात वाहन टक्कर मारकर मौके से फरार हो गया।**



हीरानगर पुलिस के अनुसार, मृतका रेखा जैन (45) और उनके पति राजेश जैन निवासी सुखलिया एक्टिवा से घर लौट रहे थे। इसी दौरान पीछे से आए एक अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर के बाद दोनों सड़क पर गिरकर बेहोश हो गए। राहगीरों ने राजेश जैन को संभाला और दोनों को अस्पताल पहुंचाया। घायलों को पहले नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां से उन्हें एमवाय अस्पताल रेफर किया गया। वहां डॉक्टरों ने रेखा जैन को मृत घोषित कर दिया। पुलिस के मुताबिक, दंपति बाजार से खरीदारी कर घर लौट रहे थे। परिवार में एक बेटा और एक बेटी है। उनके परिचित के यहां 27 अप्रैल को शादी थी, जिसके लिए वे कपड़े लेने गए थे। पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

### फिरोजिया ट्रॉफी विजेताओं के लिये अतिरिक्त पुरस्कार की घोषणा की

# मध्यप्रदेश में खेल सुविधाओं का हो रहा है निरंतर विस्तार : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश में खेल सुविधाओं का निरंतर विस्तार किया जा रहा है। शासन का प्रयास है कि खिलाड़ियों को हर स्तर पर आधुनिक खेल संरचना, प्रशिक्षण और अन्य आवश्यक संसाधन उपलब्ध हों। शासन के इन प्रयासों से मध्यप्रदेश की खेल प्रतिभाएं विश्व स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं। उज्जैन में भी विभिन्न खेल मैदानों में खेल व्यवस्थाओं का आधुनिकीकरण किया जा रहा है। उज्जैन के क्षीर सागर मैदान को भी नगर निगम और खेल विभाग द्वारा विकसित किया जाएगा।**



मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को देर रात उज्जैन में फिरोजिया ट्रॉफी का फाइनल मैच देखा और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने इस अवसर पर फिरोजिया ट्रॉफी की विजेता टीम को रुपए 1 लाख और उप विजेता टीम को 51 हजार रुपए के अतिरिक्त नगद पुरस्कार की घोषणा भी की। फिरोजिया ट्रॉफी का आयोजन 12 अप्रैल से 19 अप्रैल तक उज्जैन के क्षीर सागर मैदान पर किया गया। फाइनल मुकाबले में दोनों टीमों के बीच रोमांचक संघर्ष देखने को मिला, जिससे दर्शक अंत तक मैच का आनंद लेते रहे। सांसद श्री अनिल फिरोजिया ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव का फिरोजिया ट्रॉफी में प्रत्येक वर्ष पधारने और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने पर आभार व्यक्त किया। फिरोजिया ट्रॉफी सांसद श्री अनिल फिरोजिया के पिता स्व. भूरेलाल फिरोजिया की स्मृति में विगत 21 वर्षों से हर वर्ष आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार रुपए 5 लाख 51 हजार है और द्वितीय पुरस्कार 2 लाख 51 हजार रुपये है। प्रतियोगिता में इस वर्ष नारी शक्ति वंदन की भावना को साकार करते हुए महिला क्रिकेट मैच और मातृशक्ति सम्मान समारोह भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विधायक श्री अनिल जैन कालूहेड़ा, श्री रवि सोलंकी और बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री ने कृषि मंत्री के निवास पर पहुंचकर वर-वधू को दिया आशीर्वाद



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को मुरैना में किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री श्री ऐदल सिंह कंषाना के निवास पहुंचकर उनकी नातिनी आयुष्मति दीपिका (पुत्री स्वर्गीय श्री भूरा सिंह कंषाना) एवं आयुष्मान यतेन्द्र (पुत्र श्री राव राजेश्वर सिंह, निवासी सिरसौद दयेली, ग्वालियर) को विवाह अवसर पर आशीर्वाद प्रदान किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नवदंपति को शुभाशीष देते हुए उन्हें उपहार भी भेंट किए और उनके सुखद एवं समृद्ध वैवाहिक जीवन की कामना की। इस अवसर पर वरिष्ठ विधायक एवं प्रदेशाध्यक्ष श्री हेमंत खंडेलवाल, सांसद श्री शिव मंगल सिंह तोमर, महापौर श्रीमती शारदा सोलंकी सहित जनप्रतिनिधि एवं परिजन उपस्थित थे।

### सभी दुकानों की हुई नीलामी, लक्ष्य से 200 करोड़ अधिक राजस्व

# शराब से भरेगा सरकार का खजाना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मध्य प्रदेश में आबकारी विभाग के लिए राहत भरी खबर है। प्रदेश की सभी 3,553 शराब दुकानों की नीलामी प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी कर ली गई है। इस नीलामी के साथ ही अब सरकार के उस विकल्प पर विराम लग गया है, जिसमें दुकानों के न बिकने की स्थिति में 'निगम-मंडल' (कॉर्पोरेशन) बनाकर सरकारी तंत्र के माध्यम से शराब बेचने की तैयारी की जा रही थी। नीलामी सफल होने के कारण अब शासन को स्वयं इस व्यवसाय में उतरने की आवश्यकता नहीं होगी।**



आबकारी विभाग अधिकारियों के अनुसारवित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए विभाग को 20,279 करोड़ रुपए का राजस्व लक्ष्य दिया गया था। ताजा आंकड़ों के अनुसार, दुकानों की नीलामी से प्राप्त 18,676.80 करोड़ रुपये और भांग व अन्य स्रोतों से मिलने वाले अनुमानित 1775 करोड़ रुपये को मिलाकर कुल राजस्व 20,481.80 करोड़ रुपये तक पहुँचने की उम्मीद है। यह पिछले साल की तुलना में 12.33 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। आपको बता दें कि यह प्रक्रिया आसान नहीं थी। 31 मार्च तक करीब 670 दुकानों के लिए कोई खरीदार नहीं मिला था, जिससे 1800 करोड़ रुपये का राजस्व फंसता नजर आ रहा था। इसी गतिरोध को देखते हुए विभाग ने रिजर्व प्राइस में कटौती की और कैबिनेट सब कमेटी के दखल के बाद 24 अलग-अलग चरणों में प्रक्रिया पूरी की गई। वित्तीय वर्ष के शुरुआती 19 दिनों में नीलामी न होने के कारण प्रतिदिन लगभग 12-13 करोड़ रुपये के नुकसान का अनुमान था। हालांकि, विभाग का दावा है कि अंतिम दौर की ऊंची बोलियों और नई शर्तों के माध्यम से इस घाटे को पूरी तरह समायोजित कर लिया गया है। अब राजस्व की गणना अनुबंध की तारीख से प्रभावी होगी। सूत्रों के अनुसार, सरकार पहले खुद शराब बेचने के लिए एक कॉर्पोरेशन बनाने पर विचार कर रही थी, ताकि जिन दुकानों के ठेके नहीं हो सके हैं व भविष्य में ऐसी स्थिति से बचने के लिए सरकार निगम या कॉर्पोरेशन के माध्यम से दुकानों का संचालन करा सके। हालांकि अब सारी दुकानों का ठेका हो जाने के बाद इस योजना को टाल दिया गया।

### नीलामी पर एक नजर

1. प्रदेश में शराब की कुल दुकानें- 3553
2. कितनी दुकानों की नीलामी पूरी हुई- सभी
3. अनुमानित राजस्व 20,481 करोड़ से अधिक
4. इस साल बढ़त लक्ष्य से 200 करोड़ रुपए ज्यादा
5. प्रक्रिया 24 चरणों की बिडिंग के बाद प्रक्रिया पूरी

## बस दुर्घटना पर किया दु:ख व्यक्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जम्मू कश्मीर के उधमपुर में हुई बस दुर्घटना पर दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दिवंगतों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित कर शोकाकुल परिजन के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बाबा महाकाल से दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करने और घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है।

## अपनी पसंद से रहने का पूरा अधिकार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर, एजेंसी।** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट की ग्वालियर बेंच ने एक अहम मामले में साफ कर दिया कि अगर लड़की बालिग है तो उसे अपनी पसंद से जीवनसाथी चुनने और उसके साथ रहने का पूरा अधिकार है। इसी आधार पर कोर्ट ने बाबिता तोमर की याचिका को खारिज कर दिया। यह मामला बाबिता तोमर की याचिका से जुड़ा था, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया था कि उनकी बेटी नंदिनी तोमर को अभिषेक शर्मा ने अपने पास जबरन रखा हुआ है। इस पर कोर्ट ने नंदिनी को पेश करने के निर्देश दिए।

## सेंट्रल जेल में बंदी ने किया सुसाइड

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** सेंट्रल जेल में रविवार की शाम को हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे बंदी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसने जेल में बनी गौशाला में रस्सी का फंदा बनाकर पेड़ के सहारे फांसी लगाई है। गांधीनगर पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। शाम को गांधी मेडिकल कॉलेज स्थित मर्चुरी में शव रखवा दिया गया है।। पुलिस के मुताबिक, गुड्डू आदिवासी (58), बाड़ी जिला रायसेन का रहने वाला है, वह साल 2017 से हत्या के मामले में सेंट्रल जेल में बंद था। वह जेल परिसर का गौशाला में गौसेवक के रूप में कार्य करता था।

## छात्र का गला रेता, नीले ड्रम में छिपाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सतना।** सतना में 11 साल के बच्चे की बेरहमी से हत्या कर शव नीले ड्रम में छिपाने का मामला सामने आया है। वारदात के बाद आरोपी घर के बाहर से ताला लगाकर फरार हो गया। घटना कोलगवां थाना क्षेत्र की बैंक कॉलोनी में सोमवार दोपहर की है। बच्चे के लापता होने की सूचना पर पहुंची पुलिस ताला तोड़कर घर में घुसी। अंदर का मंजर सिहराने वाला था—बिस्तर पर रखी तकिया खून से सनी थी, दीवारों पर खून के छींटे थे और बिस्तर से लेकर ड्रम तक खून के निशान पड़े थे। मृतक की पहचान शिवराज रजक (11) के रूप में हुई है, जो कक्षा 5वीं का छात्र था। तलाशी के दौरान पुलिस ने नीले ड्रम से बच्चे का शव बरामद किया। आरोपी मथुरा रजक (45) पर हंसिया से गला रेतकर हत्या

# बीच सड़क महिला-पुरुष में हुई 'दे दनादन' वीडियो में दिखा 'हाईवोल्टेज ड्रामा'

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छतरपुर।** सुनसान सड़क पर एक साथ जाते युवक-युवती के बीच अचानक हाईवोल्टेज ड्रामा शुरू हो गया। चलते-चलते बातचीत के दौरान युवक ने महिला को मुक्का जड़ दिया, जिसके बाद महिला ने भी युवक को खींचकर एक घूंसा मारा! कदम दर कदम दोनों के बीच सड़क पर फाइट होती रही। पीछे से आ रही एक कार सवार ने सड़क पर डब्ल्यू-डब्ल्यू एफ जैसी फाइट सीन का वीडियो बना लिया, जो अब सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। जिला मुख्यालय के मुख्य बाजार क्षेत्र में देर रात उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक महिला और युवक के बीच बीच सड़क पर हिंसक झड़प हो गई।



दोनों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि बात गाली-गलौज से शुरू होकर मारपीट तक जा पहुंची। इस पूरी घटना का वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जानकारी अनुसार, घटना शुक्रवार देर रात की है, जब बाजार की दुकानें बंद हो चुकी थीं और सड़कें लगभग सुनसान थीं। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, महिला और युवक सड़क पर साथ चलते हुए किसी बात को लेकर बहस कर रहे थे। देखते ही देखते बहस मारपीट में बदल गई। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि दोनों एक-दूसरे पर हाथ उठा रहे हैं। हाईवोल्टेज ड्रामा के बीच महिला ने पीछे मुड़कर आती कार को भी देखा था, लेकिन उन्हें फर्क नहीं पड़ा।

## संपादकीय

### विशेष अदालतें और सामान्य मामले : लक्ष्य से भटकती न्याय प्रक्रिया

सुप्रीम कोर्ट ने विशेष अदालतों के कामकाज को लेकर सख्त टिप्पणी की है। कोर्ट ने साफ कहा है कि इन अदालतों को केवल विशेष कानूनों से जुड़े मामलों की ही सुनवाई करनी चाहिए, न कि सामान्य सिविल और आपराधिक मामलों की। कोर्ट ने साफ किया कि मौजूदा व्यवस्था में विशेष अदालतों पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है, जिससे उनका मूल उद्देश्य प्रभावित हो रहा है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने कहा कि कई जगहों पर एक ही कोर्ट को अलग-अलग तरह के मामलों की जिम्मेदारी दे दी जाती है, जिससे स्पेशल कोर्ट सिस्टम मजाक बनकर रह गया है। अदालत ने इस स्थिति पर चिंता जताते हुए सुधार की जरूरत बताई। कोर्ट ने कहा कि विशेष अदालतों में रोजाना सुनवाई होनी चाहिए और इन्हें बार के पास या उसी परिसर में स्थापित किया जाना चाहिए ताकि मामलों का तेजी से निपटारा हो सके। इसके लिए अतिरिक्त स्टाफ और प्रशिक्षित जजों की जरूरत पर भी जोर दिया गया। यह मामला उन विशेष अदालतों की निगरानी से जुड़ा है, जो UAPA जैसे गंभीर कानूनों के तहत लंबित मामलों को तेजी से निपटाने के लिए बनाए गए हैं। कोर्ट ने राज्यों से पूछा है कि ऐसे मामलों को एक साल के भीतर निपटाने के लिए कितनी अतिरिक्त व्यवस्था की जरूरत होगी। सुनवाई के दौरान झारखंड सरकार ने बताया कि राज्य में UAPA के 790 मामले लंबित हैं और इन्हें जिला जज ही देख रहे हैं। इस पर कोर्ट ने कहा कि यही समस्या की जड़ है। जब जज सिर्फ एक तरह के मामलों पर फोकस नहीं करेंगे तो देरी बढ़ेगी और आरोपी लंबे समय तक जेल में रहेंगे। कोर्ट ने साफ किया कि उसका मकसद किसी सरकार को दोष देना नहीं, बल्कि उन अंडरट्रायल कैदियों की चिंता है जो ट्रायल में देरी के कारण जेल में हैं। अदालत ने राज्यों को निर्देश दिया कि वे लंबित मामलों और जरूरी विशेष अदालतों की संख्या का पूरा ब्योरा दें। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि केंद्र सरकार विशेष अदालतों के लिए फंड देने को तैयार है, राज्यों को बुनियादी ढांचा देना होगा। अदालत ने संकेत दिए कि जल्द ही ऐसी व्यवस्था बनाई जाएगी, जिससे विशेष अदालतें सिर्फ अपने तय मामलों की ही सुनवाई करें और न्याय प्रक्रिया तेज हो सके।

Health is Wealth

# घंटों इस्तेमाल से हो सकता है कान दर्द

## ENT डॉक्टर से जानें नुकसान और कैसे पाएं राहत

लंबे समय तक हेडफोन लगाने से अक्सर कान में दर्द होने लगता है। आजकल काम की वजह हो या फिर रील्स देखनी हो, लोग घंटों तक हेडफोन लगाकर बैठे रहते हैं, इससे कान में दर्द, सुनने की क्षमता का काम होना जैसी परेशानी हो जाती है। ENT डॉक्टर ने इससे राहत पाने का तरीका बताया है।



काम हो या फिर सिर्फ गाने सुनने का मन हो, हम जल्दी से ईयरफोन या हेडफोन लगाकर बैठ जाते हैं और कब घंटों बीत जाते हैं पता नहीं चलता। आजकल रील्स देखते हुए भी लोग घंटों तक हेडफोन लगाकर रखते हैं और फिर इसे हटाने के बाद कानों में भयंकर दर्द महसूस होता है। कान के अलावा सिर में भी दर्द होने लगता है और कई बार ये असहनीय हो जाता है। घंटों तक हेडफोन के इस्तेमाल से कान दर्द के अलावा पर्दे फटने का डर भी रहता है, इसलिए अब लोग इन्हें थोड़े समय के लिए यूज करते हैं।

दरअसल, ईयरफोन या फिर हेडफोन लगाकर गाने सुनने से उसकी आवाज सीधे ईयरड्रम तक जाती है, जिसे कान का पर्दा कहते हैं। ये कानों को काफी नुकसान पहुंचाती है। अगर आप भी घंटों तक ईयरफोन या हेडफोन लगाकर काम करते या गाने सुनते हैं, तो कुछ चीजों का ध्यान रखें। HT लाइफस्टाइल से बात करते हुए ENT डॉक्टर प्रांशू मेहता ने बताया कि इसे घंटों तक लगाने के क्या नुकसान होते हैं और कैसे कान के दर्द से राहत पाने का तरीका।

### नुकसान क्या होते हैं

लंबे समय तक ईयरफोन या फिर हेडफोन लगाकर गाने सुनना या फिर काम करते रहने से कान को कई तरह से नुकसान होते हैं। चलिए पहले इससे होने वाले साइड इफेक्ट्स के बारे में आपको बताते हैं-

लंबे समय तक हेडफोन लगाने से सिर दर्द परमानेंट हो सकता है। कान में दर्द रहेगा, तो उसका असर सिर पर भी होगा।

रबड़ वाले ईयरफोन लगाते हैं, तो ईयर इंफेक्शन का खतरा हो सकता है। इसे लगाने पर रबड़ कान के अंदर रहती है और इससे गंदगी जमा हो जाती है।

घंटों तक अगर आप इसे लगाकर रील्स देखते हैं, तो कान में दर्द होने के साथ सूजन भी आ सकती है। अगर हेडफोन की पैडिंग या डिजाइन सही नहीं है और आपके कान में वह सही बैठ नहीं रहे हैं, तो भी ऐसा हो सकता है।

सुनने की क्षमता भी इससे कम हो सकती है। तेज आवाज में चीजों को सुनने की आदत पड़ जाती है, फिर साधारण या धीमी आवाजें कम सुनाई देती हैं।

### 60/60 रूल से करें बचाव

अगर आप भी लंबे समय तक हेडफोन लगाकर गाने सुनते हैं या काम करते हैं और दर्द की समस्या होने लगती है, तो ENT डॉक्टर का बताया 60/60 रूल अपनाएं। चलिए बताते हैं इस रूल से कैसे कान के दर्द से बचाव हो सकता है।

### वॉल्यूम रखें धीमा

किसी भी ईयरफोन या हेडफोन को लगाकर जब आप वॉल्यूम बढ़ाते हैं, तो वह एक जगह पर पूछता है कि इससे तेज आवाज करनी है। ऐसे में आपको सेफ वॉल्यूम लेवल चुनना होगा। 60/60 रूल के मुताबिक, आपको वॉल्यूम का लेवल 60% ही रखना है।

### 60 मिनट वाली लिमिट

अब दूसरे 60 का मतलब है कि अगर आप रील्स या गाने सुनने के लिए इसका इस्तेमाल करते हैं, तो सिर्फ 60 मिनट तक ही इसे लगाएं। फिर निकालकर रख दें। ऐसा करने से कानों में दर्द नहीं होगा और आपकी आदत भी खराब नहीं होगी। 4-5 घंटे की जगह सिर्फ 2 घंटे तक ही इन्हें लगाकर गाने सुनें।

### डॉक्टर को कब दिखाएं

अगर आप लगातार हेडफोन का इस्तेमाल कर रहे हैं और कान में दर्द या अन्य कुछ समस्याएं बनी हुई हैं, तो फौरन डॉक्टर से संपर्क करें। चलिए बताते हैं कौन से लक्षण होने पर ENT से मिलें-

हर वक्त तेज आवाज का सुनाई देना।
हमेशा कान में दर्द और उलझन
कानों में कुछ बजने की आवाज आना
हेडफोन लगाने के बाद कम सुनाई देना या ऊंचा सुनना

New Delhi

# यूपी का प्रयागराज देश में सबसे गर्म, पारा@44.4°C, MP समेत 8 राज्यों में रात में भी लू चलेगी, महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ में दोपहर में ट्रैफिक सिग्नल बंद

**भोपाल/लखनऊ/जयपुर/रायपुर/दिल्ली, (एजेंसी) देश के कई हिस्सों में तेज गर्मी होने लगी है। राजस्थान, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, ओडिशा और दिल्ली में दिन में लू कहर जारी है। इन राज्यों के कई जिले 44C का आंकड़ा पार कर गए हैं।**

महाराष्ट्र के गोंदिया और छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में सोमवार को पारा 43 डिग्री दर्ज किया गया। भीषण गर्मी के कारण दोनों जिलों में दोपहर 12:30 बजे से 4 बजे तक ट्रैफिक सिग्नल बंद रखे जा रहे हैं, ताकि लोग चौराहों पर धूप में खड़े रहने से बच सकें।

इसके अलावा इन राज्यों की सरकार ने दोपहर 12 से 4 बजे तक सभी आउटडोर काम रोकने के निर्देश दिए हैं। कंस्ट्रक्शन वर्कर, स्ट्रीट वेंडर और ट्रैफिक पुलिस कर्मचारियों के काम के घंटे बदलकर सुबह 6 से 11 बजे तक और शाम 4 से 8 बजे तक किए गए हैं।




मौसम विभाग ने मंगलवार को हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, मध्य प्रदेश, वेस्टर्न यूपी, ओडिशा, छत्तीसगढ़, विदर्भ में रातें भी लू चलने का अलर्ट जारी किया है।

उत्तर प्रदेश में प्रयागराज में 44.4C के साथ देश में सबसे गर्म रहा। गर्मी को देखते हुए योगी सरकार ने 8वीं तक के स्कूलों का टाइम बदला है। झारखंड में भी आज से स्कूलों के समय में बदलाव किया है।

Manipur

# मणिपुर में भूकंप के जोरदार झटके, रिक्टर स्केल पर 5.2 रही तीव्रता



**नई दिल्ली, (एजेंसी)** मणिपुर में एक बार फिर भूकंप से धरती कांपी है. नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के मुताबिक, मंगलवार सुबह मणिपुर के कामजोंग में रिक्टर पैमाने पर 5.2 तीव्रता का भूकंप आया. यह भूकंप जमीन की सतह से 62 किलोमीटर की गहराई पर आया, जिससे यह एक मध्यम गहराई वाली भूकंपीय घटना बन गई. खबर लिखे जाने तक किसी बड़े नुकसान या हताहतों की तत्काल कोई खबर नहीं है. मणिपुर में बंद, विरोध प्रदर्शन और हत्याओं का सिलसिला जारी है, जिससे राज्य लगातार प्रभावित हो रहा है. रिपोर्ट के मुताबिक, सोमवार को मणिपुर के कई पहाड़ी और घाटी वाले जिलों में सामान्य जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया. अलग-अलग संगठनों द्वारा बुलाए गए दो अलग-अलग बंदों के जरिए, इस महीने की शुरुआत में संदिग्ध उग्रवादियों द्वारा दो बच्चों और कुछ नागरिकों की हत्या का विरोध किया गया. मणिपुर में इस महीने की शुरुआत में हुए एक बम हमले में दो बच्चों की मौत के विरोध में नागरिक समाज समूहों द्वारा बुलाए गए पांच-दिवसीय पूर्ण बंद ने राज्य के घाटी जिलों में सामान्य जनजीवन को पूरी तरह से ठप कर दिया है. यह बंद, जो रविवार, 19 अप्रैल को शुरू हुआ, 'मीरा पाइबी' विभिन्न नागरिक समाज संगठनों और उस जानलेवा धमाके के बाद गठित एक जन-समूह द्वारा संचालित किया जा रहा है.

Uttarpradesh

## बड़े भाई ने मंगाया नया जूता, पहले पहनने की जिद पर अड़ा छोटा भाई तो कर दी हत्या

**महराजगंज, (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश के महराजगंज जिले से एक बेहद मार्मिक और दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है. जिसने रिश्तों की संवेदनशीलता और गुस्से के खतरनाक अंजाम पर भी सवाल खड़े कर दिया है. यहां के घुघली थाना क्षेत्र के चौमुखा गांव के नौका टोला में सोमवार को एक मामूली विवाद ने ऐसा भयावह रूप ले लिया कि सगे भाइयों का रिश्ता हमेशा के लिए टूट गया. दरअसल बड़े भाई सूरज शर्मा ने ऑनलाइन एक नया जूता मंगवाया था. तभी छोटा भाई लक्ष्मण उसे पहले पहनने की जिद करने लगा. इसी बात को लेकर दोनों भाइयों के बीच कहासुनी शुरू हो गई. देखते ही देखते यह मामूली बहस झगड़े में बदल गई और बात हाथापाई तक पहुंच गई. प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक गुस्से में अपना आपा खो बैठे सूरज ने पास में रखी कैंची उठा ली और छोटे भाई लक्ष्मण पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया. उसने सिर और हाथ पर कई वार किए, जिससे लक्ष्मण लहूलुहान होकर मौके पर ही गिर पड़ा. इस हमले के बाद घर का माहौल चीख-पुकार से गूंज उठा और परिवार के लोग सदमे में आ गए.

Paschim bangal

# पुलिस एनकाउंटर में गिरफ्तार हुआ इनामी बदमाश, जवाबी फायरिंग में पैर में लगी गोली

**नई दिल्ली, (एजेंसी) दक्षिण-पूर्वी दिल्ली की AATS (एंटी-ऑटो थेफ़्ट स्क्वाड) टीम ने एक इनामी बदमाश को एनकाउंटर के बाद गिरफ्तार किया. कार्रवाई के दौरान बदमाश के पैर में गोली लगी. पुलिस के ऑपरेशन में पकड़े गए इस बदमाश का नाम मोहम्मद रिजवान है.**

मोहम्मद रिजवान पर उत्तर प्रदेश पुलिस ने 15 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था. बताया जा रहा है कि पुलिस को देर रात मोहम्मद रिजवान की मूवमेंट दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के अमर कॉलोनी इलाके के पास होने की सूचना मिली थी, जिसके बाद उसे पकड़ने की कोशिश की गई. हालांकि, आरोप है कि रिजवान ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी.

इसके बाद जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने उसके दाहिने पैर में गोली मारकर उसे काबू में कर लिया.

दिल्ली पुलिस के मुताबिक, रिजवान किसी वारदात को अंजाम देने आया था, लेकिन उससे पहले ही उसे पकड़ लिया गया. फिलहाल उससे पूछताछ की जा रही है.

खेल

# आईपीएल में मुंबई की चौथी सबसे बड़ी जीत

## अपने दूसरे सबसे छोटे स्कोर पर ऑलआउट हुई गुजरात

**अहमदाबाद।** तिलक वर्मा की विस्फोटक बल्लेबाजी के बाद अश्विनी कुमार की घातक गेंदबाजी के दम पर मुंबई इंडियंस ने गुजरात टाइटंस को 99 रनों के अंतर से मात दी। सोमवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी मुंबई ने तिलक की 101 रनों नाबाद पारी की मदद से 20 ओवर में पांच विकेट पर 199 रन बनाए। जवाब में गुजरात की टीम 15.5 ओवर में सिर्फ 100 रन ही बना सकी और ऑलआउट हो गई। बता दें कि, यह मुंबई की रनों के अंतर से आईपीएल में उनकी चौथी सबसे बड़ी जीत है। वहीं, गुजरात दूसरी बार अपने सबसे छोटे स्कोर पर ऑलआउट हुई।

लगातार चार मैचों में हार के बाद यह मुंबई की पहली जीत है। वहीं, मौजूदा सत्र की दूसरी जीत के साथ हार्दिक पांड्या के नेतृत्व वाली टीम ने चार अंकों के साथ अंक तालिका में छलांग लगाकर सातवां स्थान हासिल कर लिया है। उनका नेट रन रेट भी +0.067 हो गया। वहीं, गुजरात फिलहाल छह अंकों के साथ छठे पायदान पर बनी हुई है।





गुजरात की शुरुआत ही इस मुकाबले में खराब रही। पारी की पहली ही गेंद पर यह टीम साई सुदर्शन (0) का विकेट गंवा चुकी थी। अगले ओवर में उसे जोस बटलर (5) के रूप में दूसरा झटका लगा। यहां से वाशिंगटन सुंदर ने शुभमन गिल के साथ तीसरे विकेट के लिए 20 गेंदों में 35 रन की साझेदारी की, लेकिन इस जोड़ी के टूटते ही टीम फिर से लड़खड़ा गई। वाशिंगटन 17 गेंदों में 26 रन बनाकर पवेलियन लौटे, जबकि शाहरुख खान ने 17 रन का योगदान टीम के खाते में दिया। कप्तान शुभमन गिल ने 14 रन की पारी खेली। मुंबई की तरफ से 'इम्पैक्ट प्लेयर' के रूप में उतरे अश्विनी कुमार ने 24 रन देकर चार विकेट हासिल किए, जबकि गजनफर और मिचेल सेंटनर ने दो-दो विकेट निकाले। जसप्रीत बुमराह और हार्दिक पांड्या को एक-एक सफलता हाथ लगी।

इससे पहले, गुजरात के खिलाफ मुंबई की शुरुआत बेहद खराब रही थी और रबाडा ने पावरप्ले में ही मुंबई को तीन झटके दे दिए थे। रबाडा ने क्विंटन डिकॉक (13), दानिश मालेवर (2) और कप्तान सूर्यकुमार यादव (15) को आउट कर मुंबई की पारी लड़खड़ा दी थी। तिलक ने इसके बाद नमन धीर के साथ मिलकर मुंबई की पारी को संभाला। इन दोनों बल्लेबाजों ने चौथे विकेट के लिए 40 गेंदों पर 52 रनों की साझेदारी की। नमन धीर के आउट होने के बाद तिलक और कप्तान हार्दिक पांड्या ने मुंबई के लिए बड़ी साझेदारी की। इन दोनों के बीच पांचवें विकेट के लिए 38 गेंदों पर 81 रन जोड़े जिसमें सबसे ज्यादा योगदान तिलक का ही रहा। हार्दिक अपना विकेट गंवा बैठे।

सिनेमा

# राकेश बेदी के ताने पर फराह खान की बोलती बंद, बोले- तूने भी किसी फिल्म में काम नहीं दिया



धुरंधर फिल्म के जमील जमाली यानी राकेश बेदी के करियर का बेहतरीन समय चल रहा है। वह आदित्य धर की फ्रैंचाइजी के दोनों पार्ट्स में अहम भूमिकाओं में थे। धुरंधर और धुरंधर द रिवेंज बॉलीवुड फिल्मों के लिए गेम चेंजर साबित हो चुकी हैं। इस बीच फराह खान अपने कुकिंग व्लॉग के सिलसिले में राकेश बेदी के घर पहुंचीं। वहां बातों-बातों में राकेश ने फराह को ताना दिया कि उन्होंने कभी राकेश को अपनी फिल्म में नहीं लिया।फराह खान ने अपना रीसेंट व्लॉग राकेश बेदी के साथ शूट किया। राकेश इस साल की ब्लॉकबस्टर धुरंधर 2 में पाकिस्तानी पॉलिटिशियन के रोल में थे। बातचीत के दौरान फराह राकेश के काम की तारीफ करते हैं। इस पर वह फराह से शिकायत करते हैं। राकेश बोलते हैं, 'मैं भी तुझसे बहुत नाराज हूं क्योंकि तूने मुझे किसी फिल्म में नहीं लिया।' इस पर फराह बोलती हैं, 'मेरे को बोल कौन सी फिल्म में तेरे लिए रोल अच्छा था।' राकेश बोलते हैं, 'ये छोड़ ना, ये खाली डायलॉग है।' फराह ने बोला, 'देखो सतीश को मैंने लिया मैं हूं ना में। उन्होंने बहुत बढ़िया किया।' राकेश बोले, 'हमारी इंडस्ट्री में दो डायलॉग्स बहुत कॉमन हैं, बता कौन सी फिल्म में तेरा रोल फिट था, दूसरा अगली फिल्म में पक्का दूंगी।'

## Highlights

1. **14 Indian ships stuck in Strait of Hormuz: Reports**
2. **Female employees were asked about honeymoon, miscarriage in TCS sexual abuse case: Report**
3. **Scripted drama: Mamata Banerjee on PM Modi's jhalmuri break in WB**
4. **Kejriwal's illusions no ground to recuse: HC judge in liquor policy case**
5. **Traffic advisory issued for SRH-DC IPL 2026 match in Hyderabad**

# Amazon to invest up to $25 billion in Anthropic to deepen their AI ties

**NEW DEIHI, (Agency).** Amazon.com Inc. is investing an additional $5 billion in Anthropic PBC, and may inject $20 billion more over time, a deal that deepens the companies' ties in an increasingly competitive AI industry.

Anthropic, which makes the Claude chatbot and coding tool, plans to spend more than $100 billion over the next 10 years on Amazon's cloud technologies and chips, the companies said in a statement on Monday.

Amazon was already one of Anthropic's biggest backers, with prior investments totalling $8 billion. For Amazon, the partnership has given its cloud business a leading AI model and a major customer for its home-built Trainium line of AI chips. Anthropic, meanwhile, has had access to Amazon's roster of corporate clients. More than 100,000 customers run Claude models on Amazon Web Services, the companies said.

Anthropic, founded in 2021 by several former employees of OpenAI, is widely expected to conduct an initial public offering as soon as this year. The AI company has been




racing to persuade more businesses to pay for its software to help offset the immense cost of developing the technology. Anthropic clinched a $30 billion funding round in February that valued the San Francisco-based startup at $380 billion, and has since drawn investor offers at a valuation of over $800 billion.

The agreement is the latest sign of Anthropic's hunger for the immense processing power necessary to build new versions of Claude. Like OpenAI, Anthropic has inked a series of deals to secure the necessary chips and rented computing power. Anthropic last week said it would enlist Broadcom Inc. to supply chips based on Google's tensor processing units, a rival to Amazon's Trainium line. The collaboration among the three companies will let Anthropic access about 3.5 GW worth of computing power. Anthropic in October confirmed it would grab as many as 1 million of the specialised AI chips from the Alphabet Inc. unit, a tie-up worth tens of billions of dollars.

In Monday's announcement, Amazon said it would provide Anthropic with chips—both for general computing and AI accelerators—to reach about 5 GW of power.

Though Anthropic has been on a winning streak this year with popular products including its Claude Code AI tool, it's also locked in a dispute with the US government over AI safeguards—a fight that has led to legal action from Anthropic and that the company has said threatens its business.

## Bank fixed deposits are offering up to 8%. Should you invest in them?

**NEW DEIHI, (Agency).** During the one-year period, from January 2025 to December 2025, the RBI cut the Repo Rate by 125 basis points, from 6.5% to 5.25%. Banks followed the RBI by cutting fixed deposit interest rates. Since then, the RBI has kept the Repo Rate steady at 5.25%. However, since the start of 2026, many banks have hiked fixed deposit interest rates. In this article, we will analyse which banks are offering higher fixed deposit interest rates and whether you should invest in them.

Let us look at the interest rates that banks




are offering on fixed deposits. Small Finance Banks (SFBs) are offering the highest interest rates on fixed deposits. Some SFBs have increased the fixed deposit interest rates recently since the start of 2026.

The above table shows Suryoday SFB offers the highest interest rate of 8.10% on fixed deposits with a tenure of 30 months. For other tenures, like 5 years, the bank offers an interest rate of 7.90%, and 7.60% for 18 months tenure.

The highest interest rate for Shivalik SFB is 7.80% on fixed deposits with a tenure of 21 months 1 day to 22 months. For other tenures, like 18 months to 21 months, and 22 months 1 day to 24 months, the bank offers an interest rate of 7.00%.

# कारोबारी बोला-पुलिस घर में चोरों की तरह घुसी

## कैमरे बंद किए...मास्टर चाबी से लॉक खोला, 22 तोला सोना गायब

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। लसूडिया में एसआई सहित 5 पुलिसकर्मियों को डीसीपी ने सस्पेंड किया है। झगड़े की वजह रिटायर्ड एसीपी के प्रॉपर्टी विवाद में वारंट तामील के बाद व्यवसायी को परेशान करना बताई जा रही है।**

कारोबारी पिछले एक साल से एसीपी मामले में वरिष्ठ अधिकारियों को शिकायत कर रहा था। लसूडिया पुलिस पर उसे धमकाने के आरोप हैं, लेकिन अधिकारियों ने ध्यान नहीं दिया। व्यवसायी ने आरोप लगाया कि वारंट तामील के दौरान पुलिस घर में चोरों की तरह घुसी, कैमरे बंद किए और मास्टर चाबी से लॉक खोला। उसके घर से 22 तोला सोना गायब है। लसूडिया थाने के एसआई संजय विश्नोई, रणवीर कुशवाह, प्रणीत भदौरिया, दिनेश गुर्जर और दीपेंद्र मिश्रा पर गौरव जैन ने आरोप लगाए। उन्होंने बताया कि 1 अप्रैल को पुलिसकर्मी उसके घर में घुसे। पहले देर तक टोह लेते रहे, फिर कैमरे बंद किए और मास्टर चाबी से ताला खोलकर अंदर घुसे। घर की तलाशी ली और उसे साथ ले गए। इस दौरान घर से 22 तोला से अधिक सोना गायब होने का आरोप है। गौरव के अनुसार, 1 अप्रैल की रात से 2 अप्रैल तक उसे लसूडिया थाने में रखा गया। इसके बाद निजी कार से ग्वालियर ले जाया गया। 3 अप्रैल की सुबह उसे थाने के बजाय निजी गेस्ट हाउस में रखा गया, जहां रिटायर्ड एसीपी के लोगों ने मारपीट की। बाद में कोर्ट से जमानत मिलने पर वह इंदौर लौट आया। गौरव ने बताया कि राकेश शर्मा नाम के पुलिसकर्मी ने उससे 27 हजार रुपए लिए। इसमें 10 हजार रुपए लसूडिया थाने के सामने होटल में क्यूआर कोड से और 17 हजार रुपए बेटे तुषार के खाते में डलवाए गए। गौरव ने 16 अप्रैल को सीपी संतोष सिंह और डीसीपी कुमार प्रतीक को रिकॉर्डिंग के साथ शिकायत दी। टीआई तारेश सोनी पर भरोसा न होने पर जांच एसीपी पराग सैनी को सौंपी गई। जांच में साक्ष्य मिलने के बाद पांचों पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की गई।



गौरव जैन, व्यवसायी

# युवक ने फांसी लगाई, मौत

## पत्नी के संबंधों को लेकर हो रहा था विवाद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। लसूडिया क्षेत्र में युवक ने रविवार को अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना का पता तब चला जब उसकी बेटी ने उसे फंदे पर लटका देखा।**



लसूडिया पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान कृष्णा भालेराव (36) पुत्र बलिराम भालेराव, निवासी बापू गांधी नगर के रूप में हुई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। परिजनों के मुताबिक, मृतक की पत्नी रीना की दोस्ती खरगोन के खामखेड़ा निवासी रविंद्र मानकर से थी। इस बात को लेकर दंपति के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था।

बताया गया कि रविंद्र द्वारा कृष्णा के मोबाइल पर फोटो और मैसेज भेजे जाते थे, जिससे घर में तनाव बना रहता था। 16 अप्रैल को भी इसी बात को लेकर विवाद हुआ, जिसमें पत्नी ने मोबाइल से फोटो और मैसेज डिलीट कर दिए। परिजनों ने बताया कि कुछ समय पहले खरगोन में विवाद के दौरान कृष्णा के साथ मारपीट की गई थी और उस पर मामला भी दर्ज कराया गया था। कृष्णा और रीना की शादी को करीब 15 साल हो चुके थे। उनके एक बेटा और एक बेटी है। कृष्णा पेंटिंग का काम करता था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक